पत्रिका

# शिविर में 29 लोगों ने किया रक्तदान



**नवागढ़.** सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी चौधरी के निर्देशन तथा शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर के प्राचार्य डॉ. अंबिका प्रसाद वर्मा के मार्गदर्शन व एनसीसी केयरटेकर डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में एनसीसी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. एस के मधुकर द्वारा रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन एनसीसी विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में कुल 29 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान की शुरुआत भूतपूर्व एनसीसी ऑफिसर डॉ. मनीराम बंजारे तथा वर्तमान एनसीसी ऑफिसर डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी द्वारा रक्तदान कर किया गया। सहायक प्राध्यापक धनेश्वरी पटेल व डॉ. पुष्पा सिंह द्वारा भी रक्तदान किया गया।

29/11/2023 | Janjgir-Champa | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

# एनसीसी दिवस पर शिविर में 29 लोगों ने किया रक्तदान

भास्कर न्यूज़ | जांजगीर

एनसीसी दिवस पर शासकीय टीसीएल कॉलेज जांजगीर में एनसीसी केयरटेकर डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी. के नेतृत्व व जिला अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान किया। उद्घाटन डॉ. एसके मधुकर ने किया। शिविर में 29 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान की शुरुआत भूतपूर्व एनसीसी ऑफिसर डॉ. मनीराम बंजारे व वर्तमान एनसीसी ऑफिसर डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी द्वारा रक्त दान कर किया गया। सहायक प्राध्यापक धनेश्वरी पटेल व डॉ. पुष्पा सिंह ने भी रक्तदान किया। एनसीसी कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के एमएल साहू व उनकी टीम ने रक्तदान के विषय में जानकारी दी।



रक्तादन करते हुए एनसीसी कैडेट्स।

APEX COLLEGE




शासकीय टी.सी.एल. स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर
जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
(शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़, छत्तीसगढ़ से संबद्ध)
राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाई द्वारा आयोजित
स्वैच्छिक रक्तदान/रक्तदान महादान
NCC
समय - प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक
सहयोग: जिला चिकित्सा समिति जांजगीर
"रक्तदान है प्राण पूजा इसके जैसा दान न दूजा"
"आईये रक्तदान करते हैं एक जीवन बचाते हैं"
GPS Map Camera
Khokhra, Chhattisgarh, India
Unnamed Road, Khokhra, Chhattisgarh 495668, India
Lat 21.984151°
Long 82.577819°
27/11/23 01:09 PM GMT +05:30
Google

## न्यूज डायरी




# एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर के एनसीसी कैडेट्स ने 1 सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी.चौधरी के निर्देशन में तथा प्राचार्य डॉ.अंबिका प्रसाद वर्मा के मार्गदर्शन में व एनसीसी केयरटेकर डॉ.ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में पुनीत सागर अभियान के तहत जिले के मध्य में स्थित पुराना तालाब व उसके आसपास, नहाने के घाट पर स्वच्छता की गई। कुल मिलाकर 46 कैडेट्स ने योगदान प्रदान किया। पुनीत सागर अभियान के तहत जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से गर्ल्स कॉलेज तक निकाली गई। उत्कृष्ट कार्य के आधार पर 4 कैडेट्स राजनंदनी, ज्योति, वासनी, निशा को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।


GPS Map Camera
Khokhra, Chhattisgarh, India
XHMG+3PF, Khokhra, Chhattisgarh 495668, India
Lat 21.98237°
Long 82.576229°
02/10/23 09:53 AM GMT +05:30
Google


Samsung Triple camera
Shot with my Galaxy M30

दैनिक भास्कर
जांजगीर-चांपा 28-11-2023

# पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने चलाया पुनित सागर अभियान





अभियान में शामिल एनसीसी कैडेट्स

भास्कर न्यूज़ | जांजगीर

नगर के शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुनित सागर अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कैडेट्स द्वारा तालाब के आस पास सफाई की गई। एनसीसी केयरटेकर डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में पुनित सागर अभियान के तहत पुराना तालाब व उसके आसपास नहाने के घाट की सफाई की गई। इस अभियान में 46 कैडेट्स शामिल हुए जिन्होंने पुनित सागर अभियान के तहत जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से गर्ल्स कॉलेज तक निकाली। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य के आधार पर 4 कैडेट्स राजनंदनी, ज्योति, वासनी, निशा को सम्मानित भी किया गया।


1CG BN NCC KORBA
GOVT. T.C.L P.G. COLLEGE JANJGIR
District.- Janjgir-Champa (C.G.)
Activity
Date
02 /10/2023
Samsung Triple camera
Shot with my Galaxy M30


GPS Map Camera
Khokhra, Chhattisgarh, India
XHMG+3PF, Khokhra, Chhattisgarh 495668, India
Lat 21.98237°
Long 82.576229°
02/10/23 09:52 AM GMT +05:30
Google


पुनीत सागर अभियान
जागरूकता अभियान
GPS Map Camera
Janjgir, Chhattisgarh, India
XHVJ+W6H, Kera Rd, Bhata Para, Janjgir, Chhattisgarh 495668, India






1 C.G. BN. NCC KORBA C.G.
GOVT. T.C.L. P.G. COLLEGE JANJGIR
District - Janjgir - Champa (C.G.)
Activity
Date
GPS Map Camera
Janjgir, Chhattisgarh, India
XHVH+XH6, Kera Rd, beside Government Girls College, Bhata Para, Janjgir,


पुनीत सागर अभियान
जागरूकता अभियान
पुनीत सागर अभियान
GPS Map Camera
Janjgir, Chhattisgarh, India
XHVJ+W6H, Kera Rd, Bhata Para, Janjgir, Chhattisgarh 495668, India



पत्रिका

# पुनीत सागर अभियान के तहत की गई सफाई



**नवागढ़.** शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर के एनसीसी कैडेट्स ने 1 सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी चौधरी के निर्देशन में तथा प्राचार्य डॉ. अंबिका प्रसाद वर्मा के मार्गदर्शन में व एनसीसी केयरटेकर डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में पुनीत सागर अभियान के तहत जिले के मध्य में स्थित पुराना तालाब व उसके आसपास घाट की साफ-सफाई की गई। इस अवसर कुल मिलाकर 46 कैडेट्स ने योगदान प्रदान किया। पुनीत सागर अभियान के तहत जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से गर्ल्स कॉलेज तक निकाली गई। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य के आधार पर 4 कैडेट्स राजनंदनी, ज्योति, वासनी, निशा को सम्मानित भी किया गया।

28/11/2023 | Janjgir-Champa | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/




# टीसीएल पीजी कॉलेज में मिलेट वर्ष को लेकर वर्कशॉप व सेमिनार आयोजित

**नवभारत ब्यूरो । जांजगीर-चांपा।**

शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 विषय पर वर्कशॉप व सेमिनार आयोजित हुआ। 1 सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी. चौधरी के द्वारा महाविद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। कैडेट्स से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। उनके द्वारा एनसीसी व सी सर्टिफिकेट के महत्व पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय एनसीसी कैडेट्स की उपलब्धियों की प्रशंसा की गई। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.के. मधुकर द्वारा पुष्प गुच्छ से कमान अधिकारी का स्वागत किया गया। एनसीसी केयरटेकर डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा सिंह ने व्याख्यान में मिलेट्स को अपने खाद्यान्न में सम्मिलित करने तथा फास्ट फूड, पैकिंग फूड से परहेज करने की अपील की। ग्रंथपाल ओम प्रकाश सिंह द्वारा मिलेट्स खाद्यान्न की उपयोगिता और गुणवत्ता पर प्रकाश डाला गया। वनस्पति विज्ञान विभाग की सारिका सिंह द्वारा मिलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी द्वारा मिलेट्स के अंतर्गत आने वाले अनाज से क्या-क्या उत्पाद बनाए जा सकते हैं बताया गया। इस अवसर पर कैडेट तथा छात्र-छात्राओं के लिए रागी, कोदो, राजगीर, जवार, बाजरा विभिन्न अनाज को प्रदर्शित भी किया गया। जिससे छात्र विभिन्न अनाजों को जान पहचान सके।




# टीसीएल पीजी कॉलेज में मिलेट वर्ष को लेकर वर्कशॉप व सेमिनार आयोजित

**नवभारत ब्यूरो । जांजगीर-चांपा।**

शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 विषय पर वर्कशॉप व सेमिनार आयोजित हुआ। 1 सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी. चौधरी के द्वारा महाविद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। कैडेट्स से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। उनके द्वारा एनसीसी व सी सर्टिफिकेट के महत्व पर प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय एनसीसी कैडेट्स की उपलब्धियों की प्रशंसा की गई। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.के. मधुकर द्वारा पुष्प गुच्छ से कमान अधिकारी का स्वागत किया गया। एनसीसी केयरटेकर डॉ. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा सिंह ने व्याख्यान में मिलेट्स को अपने खाद्यान्न में सम्मिलित करने तथा फास्ट फूड, पैकिंग फूड से परहेज करने की अपील की। ग्रंथपाल ओम प्रकाश सिंह द्वारा मिलेट्स खाद्यान्न की उपयोगिता और गुणवत्ता पर प्रकाश डाला गया। वनस्पति विज्ञान विभाग की सारिका सिंह द्वारा मिलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी द्वारा मिलेट्स के अंतर्गत आने वाले अनाज से क्या-क्या उत्पाद बनाए जा सकते हैं बताया गया। इस अवसर पर कैडेट तथा छात्र-छात्राओं के लिए रागी, कोदो, राजगीर, जवार, बाजरा विभिन्न अनाज को प्रदर्शित भी किया गया। जिससे छात्र विभिन्न अनाजों को जान पहचान सके।

# एनसीसी कैडेटों को मिलेट्स के लाभ व फास्ट फूड के बताए नुकसान



**जांजगीर@पत्रिका.** शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023 विषय पर वर्कशॉप सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी. चौधरी ने महाविद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों का निरीक्षण किया। कैडेट्स से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। उनके द्वारा एनसीसी व सी सर्टिफिकेट के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय एनसीसी कैडेट्स की उपलब्धियों की प्रशंसा की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसके मधुकर ने पुष्प गुच्छ से कमान अधिकारी का स्वागत किया। सएनसीसी केयरटेकर डा. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सर्वप्रथम गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा सिंह ने व्याख्यान में मिलेट्स को अपने खाद्यान्न में सम्मिलित करने तथा फास्ट फूड, पैकिंग फूड से परहेज करने की अपील की। ग्रंथपाल ओम प्रकाश सिंह ने मिलेट्स खाद्यान्न की उपयोगिता और गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। वनस्पति विज्ञान विभाग की सारिका सिंह ने मिलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी ने मिलेट्स के अंतर्गत आने वाले अनाज से बनाए जाने वाले उत्पादों के बारे में बताया। इस अवसर पर कैडेट तथा छात्र-छात्राओं के लिए रागी, कोदो, राजगीर, जवार, बाजरा समेत विभिन्न मोटे अनाज को प्रदर्शित भीं किया गया जिससे छात्र विभिन्न अनाजों को जान पहचान सके।

# एनसीसी कैडेटों को मिलेट्स के लाभ व फास्ट फूड के बताए नुकसान



**जांजगीर @ पत्रिका.** शासकीय टीसीएल पीजी कॉलेज जांजगीर में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023 विषय पर वर्कशॉप सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में सीजी बटालियन एनसीसी कोरबा कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी. चौधरी ने महाविद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों का निरीक्षण किया। कैडेट्स से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। उनके द्वारा एनसीसी व सी सर्टिफिकेट के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय एनसीसी कैडेट्स की उपलब्धियों की प्रशंसा की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसके मधुकर ने पुष्प गुच्छ से कमान अधिकारी का स्वागत किया। सएनसीसी केयरटेकर डा. ईश्वरी बृजवासी सूर्यवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सर्वप्रथम गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा सिंह ने व्याख्यान में मिलेट्स को अपने खाद्यान्न में सम्मिलित करने तथा फास्ट फूड, पैकिंग फूड से परहेज करने की अपील की। ग्रंथपाल ओम प्रकाश सिंह ने मिलेट्स खाद्यान्न की उपयोगिता और गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। वनस्पति विज्ञान विभाग की सारिका सिंह ने मिलेट्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. ईश्वरी सूर्यवंशी ने मिलेट्स के अंतर्गत आने वाले अनाज से बनाए जाने वाले उत्पादों के बारे में बताया। इस अवसर पर कैडेट तथा छात्र-छात्राओं के लिए रागी, कोदो, राजगीर, जवार, बाजरा समेत विभिन्न मोटे अनाज को प्रदर्शित भीं किया गया जिससे छात्र विभिन्न अनाजों को जान पहचान सके।